दिन– बुधवार | दिनांक– 08 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की शर्त पर ईरान के साथ दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की है। यह घोषणा उनके द्वारा दी गई, उस समय सीमा से ठीक पहले आई है, जिसमें उन्होंने ईरान के बुनियादी ढांचे पर भीषण हमले की चेतावनी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों को द्विपक्षीय युद्धविराम पर सहमत होना चाहिए। ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि अमरीका अपने सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है और संघर्ष सुलझने के करीब है। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अगर ईरान पर हमले बंद कर दिए जाते हैं, तो वह युद्धविराम के लिए सहमत है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह की अवधि के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन संभव होगा। इस बीच, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि अमरीका ने ईरान की दस सूत्रीय योजना को स्वीकार कर लिया है।

————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर, रेपो रेट को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत बनाये रखा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। मौद्रिक नीति समिति ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी सात दशलमव छह प्रतिशत और चालू वित्तीय वर्ष के लिए छह दशलमव नौ प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि ऊर्जा की कीमतों में हाल में हुई वृद्धि से महंगाई बढ़ने की आशंका है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। दो हजार पन्द्रह में शुरू हुई इस योजना ने आज ग्यारह साल पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने

कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

———————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज पटना में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे और उसके बाद नये मुख्यमंत्री के चयन को लेकर एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज चार हजार नौ सौ चौवन एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में परिवर्तन आया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिम, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

कटिहार जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बकिया सुखाय गांव में अगलगी की घटना में एक दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये। हादसे में कई मवेशियों की भी जलने से मौत हो गई। इधर, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड के शरीफ नगर

पंचायत के रामपुर गांव स्थित एक घर में खाना बनाने के दौरान आग लगने एक बच्ची घायल हो गई।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।